जिस के घर में खाटू वाले की तस्वीर लगाई जाती है

जिस के घर में खाटू वाले की तस्वीर लगाई जाती है,
जिस घर में नीले वाले की नित जोत जगाई जाती है,
जिस घर का छोटा बच्चा भी श्री श्याम की माला जपता है,
वहा श्याम का पेहरा रहता है,

पता लगा लो उस घर की कहानी,
जान के होगी सब को हैरानी,
उस घर के सरे दुखडो को श्याम हमेशा सहता है,
वहा श्याम का पेहरा रहता है,........

करे हिफायत ये पुरे घर की,
इसके होते क्या बात है डर की,
जब सारा घर सो जाता है
मेरा श्याम जगता रहता है,
वहा श्याम का पेहरा रहता है........

खूब सम्बाले सदा निभाए,
छोड़ के घर वो कही न जाये,
कहे पवन गुण गान श्याम का यहाँ चलता रहता है,
वहा श्याम का पेहरा रहता है,

https://www.bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/3079/title/jis-ghar-me-khatu-vale-ki-tasveer-lagaai-jati-hai

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |